डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | चैत्र कृष्ण पक्षा अमावस्या- 2082 | भोपाल,दिन बुधवार, दिनांक 18 मार्च ,2026

न्यूज गैलरी

जनसुनवाई में 129 आवेदन प्राप्त हुए

भोपाल। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में एडीएम सुमित पांडेय, श्री अंकुर मेश्राम एवं प्रकाश नायक ने मंगलवार को जिले में जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 129 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम श्री पांडेय, श्री मेश्राम एवं श्री नायक ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर गौरझर अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रुख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय आधारित जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

भोपाल। प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मंडला के सौजन्य से ई-दक्ष केंद्र भोपाल में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिला स्तरीय लोक सूचना अधिकारी व सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं अन्य स्टाफ का दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 एवं 17 मार्च को आयोजित किया गया। प्रशिक्षणार्थी द्वारा बनाए गए जिला रिसोर्स पर्सन के रूप में मास्टर ट्रेनर श्री रिकेश जैन, वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का परिचय, शासन के विभिन्न राजपत्र, आरटीआई पोर्टल एवं विभिन्न न्यायालयीन निर्णय का हवाला देते हुई विभिन्न प्रश्नों का समाधान विषय का विस्तृत प्रशिक्षण संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

मप्र सरकार फिर उठा रही ₹4100 करोड़ का कर्ज

भोपाल। मप्र की मोहन यादव सरकार अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार से लगातार कर्ज ले रही है। वित्त विभाग के ताजा नोटिफिकेशन के अनुसार, सरकार फिर 4100 करोड़ रुपए के दो नए कर्ज उठाने जा रही है। इसमें 2100 करोड़ का कर्ज 9 साल के लिए और 2000 करोड़ रुपए का कर्ज 15 साल की अवधि अवधि के लिए लिया जा रहा है। इसका भुगतान बुधवार तक प्राप्त हो जाएगा। मार्च में यह तीसरी बार है, जब सरकार कर्ज ले रही है। इससे पहले 3 मार्च को सरकार ने 6300 करोड़ व 10 मार्च को 5800 करोड़ का लोन लिया था।

1 अप्रैल से गेहूं खरीदी, सुबह 8 से रात 8 तक खुलेंगे केंद्र

भोपाल। मप्र सरकार ने रबी सीजन के 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीखों और दिशा-निर्देशों का ऐलान कर दिया है। गेहूं की खरीदी दो चरणों में शुरू की जाएगी। 1 अप्रैल से इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में और शेष अन्य सभी संभागों में 7 अप्रैल से उपार्जन केंद्र खुलेंगे। न किसानों की सुविधा के लिए खरीदी का समय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित किया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि गेहूं की खरीदी केवल शासकीय कार्य दिवसों में ही की जाएगी।

कैबिनेट बैठक

कैबिनेट की मंजूरी, ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

जल जीवन मिशन 2.0, दिसंबर 2028 तक हर ग्रामीण परिवार को मिलेगा नल से जल

पहले दिन ही मप्र सरकार ने केंद्र सरकार से किया एमओयू

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

जल जीवन मिशन 2.0 को कैबिनेट मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के तुरंत बाद चालू हो दिन मप्र सरकार ने केंद्र सरकार के साथ एमओयू कर लिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और इसे जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में पुनर्गठित कर लागू करने को मंजूरी दी है। इस निर्णय के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के साथ सेवा आधारित, टिकाऊ और पारदर्शी प्रणाली विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय पेयजल योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने से लेकर पूरी अवसंरचना का निर्माण करना, जिससे पेयजल घर ग्रामीण तक पहुंच सके।

योजना का मुख्य उद्देश्य गंधायत की साझेदारी से

योजना के तहत राज्य सरकार को लगभग १९ हजार करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता

मप्र की जनता की ओर से सीएम डॉ. मोहन ने माना पीएम मोदी का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में विकास के संकल्प को मजबूती देने में केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को आयोजित कैबिनेट बैठक में जल जीवन मिशन 2.0 के अनुमोदन के लिए ये केंद्र की सराहना की गई थी। उन्होंने कहा कि मप्र ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में केंद्र सहायता विभाग तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जल स्रोतों के संरक्षण, गंधायती की भागीदारी और सेवा की निरंतरता पर समान रूप से बल दिया।

ग्रामीण जल-जल योजनाओं का गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र में विकास के संकल्प को मजबूती देने में केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जल जीवन मिशन 2.0 के अनुमोदन के लिए ये केंद्र की सराहना की गई थी। उन्होंने कहा कि मप्र ने जल जीवन मिशन को क्रियान्वयन में विभाग तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जल स्रोतों के संरक्षण, गंधायती की भागीदारी और सेवा की निरंतरता पर समान रूप से बल दिया।

जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार दिसंबर 2028 तक जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूरे कर प्रदेश ग्रामीण परिवार को नियमित जल से सुनिश्चित पेयजल उपलब्ध कराएगी। यह मिशन ग्रामीण जीवन को सुगमता सुलभता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वह एम. एम. एमओयू प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल से जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, सेवा गुणवत्ता में सुधार, समयबद्ध कार्यों की प्रगति, वित्तीय नियमितता प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन को केवल अवसंरचना विस्तार तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि जल स्रोतों के संरक्षण, गंधायती की भागीदारी और सेवा की निरंतरता पर समान रूप से बल देगा।

जल संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़ कार्यक्रम आयात में पूर्ण हुई आयोजित

योजनाओं का स्थानांतरण निर्धारित प्रतिनिधियों और गंधायतों की सहभागिता से जल अर्पण उत्सव के साथ में दिसंबर २०२६ की समाप्त जिले के कुटुंबेय गांव में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 मार्च से 22 मार्च तक जल संरक्षण के अंतर्गत जल संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही मप्र कैबिनेट ने मप्र संरक्षण (संशोधन तथा जल योजना संचालन-संरक्षण एवं प्रबंधन) अधिनियम, 2026 को मंजूरी देकर ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन और रखरखाव में सुधार लाने का निर्णय लिया है।

हाई-प्रोफाइल जुआकांड में अब चौंकाने वाले खुलासे

फार्महाउस जुआकांड में नया खुलासा, दबिश से पहले पहुंचे थे इंदौर के दो पुलिसकर्मी

डीआर संवाददाता॥ इंदौर

महू के जयंतीपुरा गांव स्थित एक आईएएस दंपती के फार्महाउस पर हुए हाई-प्रोफाइल जुआकांड में अब चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। जांच में पता चला है कि पुलिस दबिश से पहले ही इंदौर के दो पुलिसकर्मी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच चुके थे। सीसीटीवी फुटेज में संदेह कार से आए पुलिसकर्मी नीतेंद्र और विवेक के साथ अन्य लोग दिखाई दिए हैं। आरोप है कि ये लोग जुए की स्कीम में हिस्सा लेकर फरार हो गए।

मामले में फार्महाउस जगदीश उर्फ कुन्नू उर्फ राजीव और केयरटेकर रंजीत जाट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यहां से 13.67 लाख रुपए नकद, ताश के पत्ते, 30 मोबाइल और दो काले नाका की है।

बताया जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मी उस दिन ड्यूटी से नदारद थे। जांच में यह भी सामने आया कि ये पहले निलंबित टीआई लोकेश द्विवेदी के साथ काम कर चुके हैं।

एडिशनल एसपी रमेश द्विवेदी ने बताया कि ये दबिश के कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां इंदौर पुलिस का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था।

कार्रवाई में लापरवाही को देखते हुए मानपुर टीआई लोकेन्द्र सिंह डिंडे, एसआई मिथुन ओसारी और एएसआई देवेश गिरवाल को निलंबित किया गया है। इस कार्यवाहन पंचना वैद्य और उनके पति संवरीश वैद्य के नाम पर बताया जा रहा है। पूरे मामले की जांच जारी है और पुलिसकर्मियों की भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के रेनोवेशन व शौर्य स्मारक के संधारण पर खर्च होंगे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र मंत्रालय के ठीक सामने स्थित सतपुड़ा भवन में आग लगने की घटना के बाद अब रेनोवेशन चल रहा है। करीब तीन साल पहले अचानक आग लगने से इस भवन का तीन मंजिला तक पालकर खाक हो गया था। बाद में इसे नए सिरे से डिस्मेंटल कर निर्माण कराने से लेकर रेनोवेशन तक के लिए अलग-अलग योजनाएं बनीं।

एमपीआरडीसी को निर्माण कार्यों के लिए मिलेंगे करीब 2 हजार करोड़

मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम-6 की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 1543 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम-7 की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 1476 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

ये भी बड़े फैसले

1. रीवा जिले की जवाहर माहसेवी सिंचाई परियोजना के लिए 228 करोड़ 42 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति
2. उज्जैन में 4-लेन और 2 लेन कॉरिडोर निर्माण के लिए 945 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति
3. पशुचिकित्सा विभाग का नाम अब होगा पशु-चिकित्सा एवं पशुपालन

एमपी में रच्छ संकट गहराया, डिमांड 70: बढ़ी, 3-4 दिन की

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश में एलपीजी संकट लगातार बना हुआ है, जिससे आम उपभोक्ताओं से लेकर होटल-रेस्टोरेंट संचालक तक परेशान हैं। प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की मांग करीब 70: तक बढ़ गई है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को 3 से 4 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। भोपाल के कुल बुंदेलर यंत्रशान सिंह जादौन के अनुसार शहर में करीब साढ़े 5 लाख गैस कनेक्शन हैं, जिनमें 80 हजार कमर्शियल और 4.70 लाख घरेलू उपभोक्ता शामिल हैं। पहले जहां रोजाना लगभग 8500 सिलेंडर बुक होते थे, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 14 हजार तक पहुंच गया है।

कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पिछले 8 दिनों से बाधित है। हालांकि अलग कंपनियों ने नई गाइडलाइन जारी कर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों को 10: सिलेंडर आपूर्ति की बात कही है, लेकिन अभी तक इस पर अमल के लिए आदेश जारी नहीं हुए हैं।

प्रशासन का कहना है कि सप्लाई बढ़ाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है और अगले 3-4 दिनों में अधिक मांग को पूरा कर लिया जाएगा।

5 हजार की रिश्वत लेते डेटा एंट्री ऑपरेटर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी के जवाहर चौक स्थित मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल कार्यालय में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आउटसोर्स डेटा एंट्री ऑपरेटर को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी लीज नवीनीकरण के बदले 10 हजार रुपए की मांग कर रहा था।लोकायुक्त के अनुसार सुल्तानाबाद निवासी दुष्यन्त शुक्ला ने शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश राठौर के निर्देशन में ट्रैप कार्रवाई की गई। लव योजना के तहत आवेदक से 5 हजार रुपए

दिलवाए गए, जैसे ही आरोपी शानेंद्र कुमार पटेल ने राशि ली, टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया।यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक मनोज देशमुख और उप पुलिस महानिरीक्षक मनीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में की गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

एमपी में एक्टिव हुआ बारिश का सिस्टम, अगले 4 दिन बदलेगा मौसम

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। कुवार से प्रदेश में आंधी-बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय हो गया है, जिससे अगले 4 दिन तक मौसम बदला रहेगा।

कई जिलों में तेज हवाएं, गरज-चमक और हल्की बारिश के आसार हैं। ग्वालियर समेत 13 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 21 मार्च तक भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी मौसम प्रभावित रहेगा।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुकेटन के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर प्रदेश में दिखेगा। इसके साथ ही पांच साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय हैं, जिससे मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है।

तापमान की बात करें तो खरगोन में सबसे अधिक 38.6 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि भोपाल में 35.2 डिग्री, इंदौर में 34.9 और जबलपुर में 36.1 डिग्री रहा।

मौसम विभाग ने किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना बनी हुई है।

रिटायर्ड जज के घर से 4 सिलेंडर चोरी, कटनी के स्कूलों से 11 सिलेंडर पार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी भोपाल में चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां रिटायर्ड जज के घर से चार एलपीजी सिलेंडर चोरी हो गए। मामला लालघाटी क्षेत्र के ओम विहार नगर का है, जहां 15 मार्च की रात तीन युवक बाइक से पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि पहले युवकों ने घर की रेकी की, फिर कुछ देर बाद लौटकर पार्किंग में खड़े चारों सिलेंडर उठाकर फरार हो गए।

परिवादी सोनिल जैन के अनुसार चोरी हुए सिलेंडरों में एक भारत गैस और तीन इंडेन के थे, जिनकी कुल कीमत करीब 6 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

उधर, कटनी जिले में भी सिलेंडर चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बड़वारा थाना क्षेत्र में एक ही सप्ताह के भीतर चार सरकारी स्कूलों से 11 गैस सिलेंडर चोरी हो गए। चोरों ने मिड-डे मील के लिए रखे सिलेंडरों को निशाना बनाया। भटिया शाला से 4, भटिया कन्या शाला से 1, परसौल और पनातोला स्कूल से 3-3 सिलेंडर चोरी होने की शिकायत सामने आई है।

लगातार बढ़ रही इन घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

पत्रकार वार्ता

संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने लौटकर बताया

केरल में 1 लाख 9 हजार मुस्लिम और ईसाई परिवारों तक पहुंचा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

देश में पिछले वर्ष 51,740 स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 83,129 शाखाएं संचालित थीं, जो अब बढ़कर 55,683 स्थानों पर 88, 949 शाखाओं का आंकड़ा हो गया है। एक साल में 3843 नए स्थान जुड़े हैं और शाखाओं की संख्या में 5620 की वृद्धि हुई है। इसमें अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, लेह और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में भी संघ की शाखाएं संचालित हो रही हैं।

संघ की 55,683 स्थानों पर 88,949 पंजाखाएं हुईं।

देश में अब तक 37,048 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन इसमें लगभग साढ़े तीन करोड़ लोगों ने सहभागिता की

अब मध्यक्षेत्र में 9 संभाग होंगे, प्रदेश स्तर पर प्रदेश प्रचारक

भोपाल ने बताया कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संगठन की व्यवस्था में भी बदलाव हुए हैं। जिसके अनुसार, अब प्रदेश प्रचारक और संभाग की व्यवस्था होगी। मध्यप्रदेश में अब 7 संभाग होंगे।

विक्रम विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन का 30वां दीक्षांत समारोह राज्यपाल मंजुभाई पटेल की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में 74 विद्यार्थियों को डी-लिट् प्रदान किया गया।राज्यपाल पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास में योगदान देना है।

उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति की भूमि रही है, जहां श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने को गौरवपूर्ण बताया।

समारोह में कृषि अनुसंधानशाला चयन और भर्तृहरि छात्रावास का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय को 51 लाख रुपए, 5 ड्रोन और एक बस देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या– सीहोर, दिन बधुवार, दिनांक 18 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

प्रदेश के साथ ही जिले में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी जल संरक्षण के उद्देश्य से 19 मार्च 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों एवं नदियों के संरक्षण सुधारने कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन सहभागिता करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रिय 02 वर्षों में भी प्रदेश में चलाए गंगा संवर्धन अभियान का सफल क्रियान्वयन किया गया है।

1 अप्रैल तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से होगी गेहूं खरीदी

सीहोर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी। गेहूं की खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया है कि सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला लिया है। अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि सभी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये कुल 18 लाख 4 हजार 850 किसानों ने पंजीयन कराया है। गत् वर्ष 15 लाख 44 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। सीहोर जिले में 1,01,793 किसानों ने पंजीयन कराया है।

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर 689 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अलग स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 17 मार्च को आयोजित शिविरों में सूचना से एक वर्ष की आयु के 515 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 174 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 76 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

500 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुमन पैपिलोमा वायरस (ह्पट) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार खेड़ेरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 17 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 500 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई

अवैधखनन शा बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने जताई थी नाराजगी, आंकड़ों ने खोली खनिज विभाग की पोल

यूं ही नाराज नहीं हुए शिवराज, नर्मदा से अवैध खनन व परिवहन की विभाग काट रहा सस्ते जुर्माने की रसीद!

डीआर संवाददाता–सीहोर

50 हजार का एक डंपर और जुर्माना महज 41 हजार, माफियाओं के लिए घाटे का नहीं मुनाफे का सौदा है अवैध खनन हरिभूमि न्यूज सीहोर

मां नर्मदा जिसे प्रदेश की जीवनरेखा कहा जाता है आज रेत माफियाओं के लालच के कारण अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। हाल ही में मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला खनिज अधिकारी की कार्यप्रणाली पर जो नाराजगी जताई थी, उसके पीछे के आंकड़े अब चौंकाने वाली हकीकत बयां कर रहे हैं। खनिज विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों पर नजर आ रही है, जबकि हकीकत में यह माफियाओं को शह देने जैसा जान पड़ता है।

खनिज विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिलेवार वर्ष 2025-26 (अप्रैल से 15 मार्च 2026 तक) में अवैध उत्खनन के कुल 419 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों में विभाग ने कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपए का जुर्माना वसूला। अगर इसका गणित समझें तो प्रति केस औसतन जुर्माना महज 41 हजार 766 रुपए बैठता है। चौंकाने वाली बात यह है कि बाजार में रेत का एक डंपर ही 50 हजार रुपए से अधिक में बिकता है। यानी माफिया एक डंपर बेचकर जुर्माने से ज्यादा रकम बना लेता है।

ऐसे में यह जुर्माना माफियाओं के लिए सजा नहीं, बल्कि उनके अवैध कारोबार को जारी रखने का एक खर्चा सा दायरे बनकर रह गया है। यही वजह है कि माफिया बेखौफ होकर जुर्माना भरते हैं और अगले ही दिन फिर से नदी का सीना छलनी करने जुट जाते हैं।

नर्मदा के अस्तित्व पर संकट

नर्मदा नदी में पोकलेन और गण्डुबिटो के जरिए हो रहे अवैध खनन से नदी की गहराई और जलस्तर पर बुरा असर पड़ रहा है, जो पर्यावरण प्रेमियों के लिए गहरी चिंता का विषय है। कार्रवाई के नाम पर विभाग ने 38 जेसीबी, 10 पोकलेन, 88 वीव्ह, 10 लोडर और 312 ट्रैक्टर ट्रालियां तो पकड़ीं, लेकिन अवैध खनन की रफ्तार कम होने के बजाय बढ़ती ही गई। जिले के खनिज अधिकारी दानेश चौहान की अपने अधीनस्थों पर पकड़ कमजोर है या फिर मामला कुछ और है, यह बड़ा सवाल है।

जिले में माफियाओं के लिए स्वर्गगंग बनी नर्मदा की रेत

जिले नर्मदा के तटों पर रात-दिन मशीनों का शोर गूंजता है। रेत माफिया न केवल एनजीटी के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं, बल्कि मां नर्मदा की पीठ को भी लहूलुहान कर रहे हैं। विभाग की यह कार्रवाई मात्र इशारा करती है कि या तो सिस्टम जानबूझकर कानूनों को जुर्माना लगा रहा है या फिर उसे माफियाओं के रसूख के आगे झुकना पड़ रहा है।

राजसात हो संकल्प पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि नर्मदा नदी के अस्तित्व को बचाना है तो जिले के खनिज विभाग को रेत के अवैध खनन में लगे माफियाओं के संसाधनों पर जुर्माने की कार्रवाई नहीं, बल्कि सीधे राजसात की कार्रवाई की जाना चाहिए, तब जाकर खनिज माफियाओं को सबक मिलेगा और नर्मदा नदी से अवैध उत्खनन पर रोक लग सकेगी। जिला खनिज अधिकारी दानेश चौहान का कहना है कि अवैध खनन और अवैध परिवहन पर लगातार व नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

ऐसे चलता है जुर्माने का खेल

49 प्रकरणों के माध्यम महज पौने दो करोड़ रुपए वसूलने के पीछे जो खेल सामने आया है उसके मुताबिक यदि डंपर रायल्टी के ऊपर या ट्रैक्टर ट्राली पकड़े जाते हैं तो उन पर रायल्टी की जगह ओवर लोडिंग का जुर्माना जाता है जिसके साथ अवैध रेत से भरे 98 वाहन निकल जाते हैं। परसरान राजस्व शासन को

पानी सप्लाई को लेकर विवाद, नपा कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज

डीआर संवाददाता–सीहोर

शहर के वार्ड क्रमांक 1, बडिपाखेड़ी में पानी की सप्लाई को लेकर एक युवक ने नगर पालिका कर्मचारी के साथ अभद्रता और मारपीट की। घटना के बाद नपा कर्मचारियों में भारी रोष है, जिसके चलते कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

पहले पानी चालू करने की जिद पर विवाद

जानकारी के अनुसार, नपा कर्मचारी पुरुषोत्तम बडिपाखेड़ी क्षेत्र में टंकुलेल से जलप्रदाय की ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी निखिल वहां पहुंचा और अपनी गली में पहले पानी चालू करने का दबाव बनाने लगा। जब कर्मचारी ने नियम अनुसार सप्लाई की बात कही, तो आरोपी विवाद पर उतारू हो गया।

मारपीट और जान से मारने की धमकी

पीड़ित पुरुषोत्तम ने बताया कि आरोपी निखिल ने न केवल

उनके साथ गाली-गलौज की, बल्कि मारपीट भी की। आरोपी ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि पहले मेरी लाइन चालू करो, वरना अंजाम बुरा होगा।

नपाकर्मियों में आक्रोश, पुलिस ने दर्ज किया केस

घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी निखिल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसा में एक की मौत दो घायल

दोराहा। बीते रविवार की रात दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम दोराहा जोड़ जोड़ के समीप तेज रफ्तार बुलेरो कार के चालक के आगे जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज की कि स्कूटी सवार की मौत हो गई वहीं स्कूटी पर सवार दो लोगों में एक को भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार रविवार को रात लगभग 10 बजे अरिफ नर भोपाल निवासी मोहम्मद नवाज अपने साथी फाजिल के साथ स्कूटी से भोपाल की ओर जा रहा था। द्वारखेड़ा जोड़ के समीप पीछे से आ रही बुलेरो कार्नक एमपी 04 बीबी 7116 के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में स्कूटी सवार है। नवाज का एक हाथ कटकर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फाजिलर रूप से घायल हो गया।

इसके अलावा बुलेरो के एयरबेग भी खुल गए लेकिन उसने सवार विधि प्रेमकुमार ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बुलेरो चालक रिसाही निवासी विश्वको भी गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलने पर पहुंचती पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए सामने की जांच प्रारंभ कर दी है।

1,72,026 रूपये कीमत की मदिरा जब्त,

डीआर संवाददाता–सीहोर

सीहोर एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को जिले में अवैध शराब के क्रय एवं परिवहन रोक लगाने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि कलवरी में अवैध मदिरा के विरुद्ध 73 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें एक लाख 72 हजार की 455 लीटर मदिरा जब्त की गई।

कलेक्टर-एसपी ने नर्मदा आवंलीघाट की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डीआर संवाददाता–सीहोर

भूतपूर्व अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा आवंलीघाट पहुंचते हैं। आवंलीघाट पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री बालमुरुक्क ने तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने आवंलीघाट पहुंचकर भूतपूर्व अमावस्या के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि घाट पर स्नान के लिए श्रद्धालु अधिक संख्या में न जाएं, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि आंवलीघाट

पर जिला अधिकारियों, पुलिस और होमगार्ड के जवानों तथा गोताखोरों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करें तथा घाट पर निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा सभी अधिकारी एक-दूसरे से सतत संपर्क बनाए रखें और ड्यूटीवाले लोग को भी निरंतर सक्रिय रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि घाट पर बोटिंग बोट की भी उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए और आंवलीघाट पर श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बनाए रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि घाट पर आने वाले वाहनों की पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि यातायात बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विनोद सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्रेमसिंह मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

नवोदय विद्यालय सीहोर कक्षा 6वीं का रिजल्ट घोषित

डीआर संवाददाता–हरदार

25 मार्च को प्रवेश प्रक्रियाएम की नवोदय विद्यालय, श्यामपुर का कक्षा छठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एस. चंदेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अपनी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों से अपील किया गया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर विद्यालय में उपस्थित हों। विद्यार्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, उनकी छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया के लिए 26 मार्च 2026 को दोपहर 2:00 बजे नवोदय विद्यालय, श्यामपुर में उपस्थित होना आवश्यक है।

सांकेतिक फोटो

विद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयनित स्कूल में अन्य प्रक्रियाएं संचालित हो रही हैं, इसलिए अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। निर्धारित समय पर पहुंचकर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी कार्यालय में बदली तस्वीर, कुर्सियों पर बैठाकर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

डीआर संवाददाता–सीहोर

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक अलग ही सकारात्मक नजारा देखने को मिला। अमूमन पर पुलिस कार्यालयों को लेकर लोगों में झिझक रहती है, लेकिन इस पहल ने उस धारणा को बदलने का काम किया।

जनसुनवाई में पहुंचे 17 आवेदकों को सामान्य कुर्सियों पर बैठाया गया और स्वयं एसपी ने एक-एक कर उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं। यह पहली बार था जब एसपी कार्यालय में सामूहिक रूप से इस तरह की जनसुनवाई

आयोजित की गई। फरियादियों के लिए बेहतर व्यवस्था के साथ संवाद का माहौल बनाया गया। इस दौरान एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों को टालने के बजाय प्राथमिकता से उनका समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर आवेदन को गरिमा और न्यायपूर्ण कार्रवाई मिलनी चाहिए।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, मोहल्लातरण, बटवारा, आपसी विवाद, गैर-राजस्व विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, भुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

व्यवस्था जिले में उपलब्ध है घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा तेल विपणन कंपनियों को दिए गए हैं आवश्यक निर्देश

डीआर संवाददाता–सीहोर

वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण आयात में हुई रुकावट को देखते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को किया जाए।

जिला आपूर्ति अधिकारी रेशमा भालोर ने बताया कि ऑयल कंपनी द्वारा घरेलू परिवारों को नियमित रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के

लिए वितरण में और भी उपाय शुरू किये गए हैं, जैसे कि पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जायेगी। इस कदम का उद्देश्य कालाबाजारी और अफरातफरी को रोकना तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से समान वितरण सुनिश्चित करना है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त स्टॉक एवं आपूर्ति बनी हुई है।

ऑयल कंपनी द्वारा यह भी तय किया गया है कि चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा किसी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र, केंद्रीय आदि को कमर्शियल की सप्लाई नहीं की जाएगी। खाद्य विभाग द्वारा बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को ईंधन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वैकल्पिक ईंधन स्रोतों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

गैस सिलेंडरों के सुचारू वितरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

अपर कलेक्टर श्री तुषारम सिंह द्वारा जिले में घरेलू गैस प्रदाय के गैस सिलेण्डरों के सुचारू वितरण बनाए रखने, अवैध अंतरण एवं व्यावसायिक उपयोग रोकने तथा गुहिलियों को उनके द्वारा बुकिंग अनुसार समय अवधि में गैस एजेंसी से गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार सभी अनुभागों के एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है और वनिष्ठ एवं सहायक आयुर्ति अधिकारियों को क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

सीहोर में बढ़ी गर्मी, 20-21 मार्च

डीआर संवाददाता–सीहोर

जिले में मार्च के महीने में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे दिन में तेज गर्मी महसूस हो रही है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 20-21 डिग्री के आसपास बना हुआ है। लगातार बढ़ते तापमान से आमजन के साथ किसानों की चिंता भी बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार 20 और 21 मार्च को मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान हल्की बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। ऐसे में किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि वर्तमान में जिले में लगभग 70-75 प्रतिशत फसलें खेतों में खड़ी या कटी अवस्था में पड़ी हैं।

कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिले में करीब 30-35 प्रतिशत फसल की कटाई हो चुकी है, जबकि शेष फसल पककर तैयार है। यदि बारिश या ओले गिरते हैं तो फसल को नुकसान हो सकता है। तेज हवा से फसल गिर सकती है और अधिक बारिश से पानी

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर चैत्र कृष्ण अमावस्या- 2082 सीहोर,दिन बधुवार,दिनांक 18 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

भूतड़ी अमावस्या आज, स्नान-तर्पण और दान का विशेष महत्व

सालकनपुर। चैत्र मास की अमावस्या, जिसे भूतड़ी अमावस्या कहा जाता है, आज श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। आंवलीघाट स्थित मां नर्मदा के तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।मंगलोरी यात्रा में शामिल श्रद्धालु 18-19 मार्च को स्नान कर यात्रा पूर्ण करेंगे और बाद में सालकनपुर स्थित मां बीजासन मंदिर में दर्शन करेंगे। इस दिन स्नान, तर्पण और दान का विशेष महत्व है। परंपरा के अनुसार स्नान के समय जल में काले तिल मिलाए जाते हैं और पितरों की शांति के लिए तर्पण किया जाता है।

पांच दिवसीय संगीतमयक

आष्टा। महाशिवरात्रि के अवसर नागेश्वर समिति व सरकार द्वारा द्वारा दिव्य सत्संग का आयोजन 21 से 25 मार्च तक कृष्णवन कॉलोनी नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया जा रहा है। जिसमें मालवा क्षेत्र के भागवत कथाकार निशुल्क सरकार सत्संग का संचालन करायेंगे। कथा का समय रात 8 बजे से 10:30 बजे तक रहेगा। 20 मार्च को भजन संध्या होगी। आयोजन समिति नागेश्वर ग्राम महिला मंडल, सरकार युग द्वारा सभी सत्संग का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर।राजस्व मंत्री कन्हैयालाल वर्मा 18 मार्च को दोपहर 12 बजे इछावर पहुंचेंगे और शासकीय उत्कृष्ट कॉलोनी नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया जा रहा है। जिसमें मालवा क्षेत्र के भागवत कथाकार निशुल्क सरकार सत्संग का संचालन करायेंगे। कथा का समय रात 8 बजे से 10:30 बजे तक रहेगा। 20 मार्च को भजन संध्या होगी। आयोजन समिति नागेश्वर ग्राम महिला मंडल, सरकार युग द्वारा सभी सत्संग का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

22 मार्च को अंबादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह, तैयारियां पूरी

सीहोर। स्व अंबादत्त भारतीय की स्मृति में पत्रकारिता सम्मान समारोह 22 मार्च को आयोजित होगा। इसी दिन जिला प्रेस क्लब द्वारा पत्रकार परिवार सम्मेलन भी रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे क्रिस्टल रिसोर्ट सभागार में आयोजित होगा।यह स्व. भारतीय की 76वीं जयंती एवं 13वां सम्मान समारोह है। इस वर्ष राष्ट्रीय सम्मान सुखदेव सिंह, राज्य स्तरीय सम्मान आनंद सिंह लोढ़ा और जिला स्तरीय सम्मान विनोद सूबे को दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनंद कुमार हमी होंगे, जबकि अध्यक्षता राकेश राय करेंगे।

आज से 22 मार्च तक भैरूंदा मंडी में नीलामी बंद

भैरूंदा। कृषि उपज मंडी समिति भैरूंदा में 18 मार्च से 22 मार्च तक लगातार पांच दिन नीलामी नहीं होगी। मंडी प्रशासन ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि धार्मिक त्योहारों, शासकीय अवकाश के कारण यह फैसला लिया गया है।मंडी सचिव के मुताबिक अमावस्या, गुड़ी पड़वा नवरात्रि, चेती चांद, ईदुल फितर, शासकीय अवकाश के चलते इन दिनों मंडी में खरीद-फरोख्त पूरी तरह बंद रहेगी। मंडी समिति ने किसानों से कहा है कि वे उपज बेचने के लिए मंडी प्रांगण में न लाएं। नीलामी बंद रहने पर किसानों को परेशानी हो सकती है। मंडी प्रशासन के अनुसार 23 मार्च से नीलामी, अन्य काम फिर नियमित रूप से शुरू होंगे।

बिना नंबर और रॉयल्टी के दौड़ रहे वाहन बने खतरा,

भैरूंदा। नगर में अवैध परिवहन का मामला गंभीर होता जा रहा है। सड़कों पर बिना नंबर प्लेट और बिना रॉयल्टी के ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपर खुलेआम

आगजनी तमाम प्रयासों के बाद भी नस्वाई की आग पर नहीं लग पा रही रोक,

दो दिन बाद आलमपुरा बरखेड़ी में फिर लगी फसलों में आग तीस एकड़ से अधिक फसले जली

डीआर संवाददाता-सीहोर

पिछले एक सप्ताह से किसानों की खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को दो दिन बाद फिर आलमपुरा बरखेड़ी में बिजली के तारों में फॉल्ट बनने से फसलों में आग लगने से तीस एकड़ से अधिक फसले जल गई। किसी तरह आग पर किसानों ने काबू पाया। जिला में आग लगने का क्रम लगातार बना हुआ है।

एक सप्ताह में दूसरी घटना

जिला मुख्यालय के पास सोनखेड़ा की गाव आलमपुरा में गेहूं के खेत में आग लग गई। कुछ ही मिनटों में पककर कटाई के लिए तैयार करीब 40 एकड़ फसल जलकर राख हो गई।

सुबह मिलते ही आसपास के गांवों के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टरों में बल्कर, रोटावेटर, फ्लाप लगाकर खेतों में गहरी नालियां बनाई गई। जुताई की गई। आग का फैलाव रोका गया। आसपास

इसी दिन मेलखा के निगोटा और छागरी गांवों के पास खेत में भुसा बनाते समय आग लग गई। भुसा मशीन में फंसकर आने से चिंगारी निकली। चिंगारी सूखी गेहूं की फसल तेजी से फैली। करीब 35 एकड़ में खड़ी पकी फसल जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही देर में आसपास के कई खेत लपेट में आ गए। करीब 8 किसानों पर गिरी। आग भड़क गई। तेज हवा से भी आग फसल जलकर खाक हो गई। की खेत में लगी आग।

शेखपुरा में पांच एक से अधिक फसले जली

ग्राम चांदखेड़ में शनिवार को अचानक लगी भीषण आग ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को देखते ही देखते राख में बदल दिया। बताया जा रहा है कि फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन आग की लपटों ने किसान की महीनों की मेहनत को कुछ ही मिनटों में खाक कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही गांव के लोगों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। किसानों ने ट्रैक्टर से खेत के आसपास की जमीन जोतकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। वहीं कई ग्रामीणों ने पास के कुओं और पंपों से पाइप जोड़कर पानी का छिड़काव किया।करीब घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी।

शरखेड़ा सोनकच्छ में लगी आग

दोराहा। दोराहा थाना क्षेत्र भोपाल ब्यावरा हाईवे मार्ग स्थित शरखेड़ा सोनकच्छ के बीच शुक्रवार की सुबह 11 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई कई घंटे में करीब चार एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इस बीच किसानों ने खुद मोर्चा संभाला और आग रोकने के लिए कई ट्रैक्टर लगाए ट्रैक्टरों में बखर, पिलाऊ यंत्र लगाकर खेत की मिट्टी पलटी आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे आग पर खेतों की मेड़ों पर खड़े पेड़ों की टहनियां तोड़कर आगे बुझाने का प्रयास किया इसके बाद आग पर काबू पाया गया आग लगने करीब चार एकड़ फसल जल गई वेयर हाउस के पास लगी आग की सूचना मिलते बुझाया गया वरना ज्यादा नुकसान हो सकता था।

जागरूक एवं उन्नतशील किसानों के माध्यम से किया जा रहा प्रेरित

श्रीआर संवाददाता-सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए अनेक ग्रामों के जागरूक और उन्नतशील किसानों से सम्पर्क किया जा रहा है और उन किसानों के सहयोग से अन्य किसानों को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम के उन्नतशील किसान कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर अपने गांव के किसानों को नरवाई जलाने के नुकसानों से अवगत करा रहे हैं और इसके वैकल्पिक तरीकों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

इसके अलावा इस संबंध में कृषि विभाग के अमले द्वारा गांव-गांव में लाउडस्पीकर और पोस्टर-बैनर के माध्यम से भी किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो।

कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की जा रही है कि वे नरवाई न जलाएं और बताए गए वैकल्पिक उपायों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लंबित आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए समीक्षा बैठक

डीआर संवाददाता-सीहोर

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवास सहायता योजनांतर्गत सत्र 2023-24 से 2025-26 तक के सभी लंबित आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने सभी संस्थाओं को निर्देश दिए कि योजना के

आगामी सत्र 2023-24 से 2025-26 तक के सभी लंबित आवेदनों का एक सप्ताह के भीतर सत्यापन किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने बैठक में अनुपस्थित संस्थाओं के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अजीत कुशवाह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

फूलों की होली, भगवान कृष्ण और माता रुक्मणी का मंगल परिणय की झांकी सजाई

डीआर संवाददाता-सीहोर

भगवान का नाम, श्रवण और भागवत कथा के श्रवण मात्र से समस्त पाप नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। जन्म-जन्मांतर के पुण्य का उदय होने पर भागवत कथा सुनने को मिलती है, जिससे अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा के श्रवण से बढ़कर इस संसार में कोई ज्ञान, मोक्ष का सरल साधन नहीं है। सभी प्रकार की मनोकामना सिद्ध होती है। उक्त विचार शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर

आयोजित भागवत कथा के पहले दिवस ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत पद्मश्री दास महाराज ने कहे। मंगलवार को श्रीकृष्ण और रुक्मणी का मंगल विवाह कराया गया। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के बारे में कहा कि सत्य और प्रेम का मिलन ही भगवान का विवाह है।

कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान के जन्म के छठे दिन ही अविद्या नामक पूतना का वध किया क्यों कि जन्म से ही वह अविद्या साथ होती है। परन्तु जहां भी श्री कृष्ण का विचरण होता है वहां वह अविद्या कभी नहीं आती हैं। उन्होंने बताया कि भगवान के बारे में कहा जाता है कि वह माखन चुराते थे परन्तु भाव यह है कि भगवान गोपियों के आमंत्रण पर उनके घर के मक्खन को चुराने के लिए ही जाते थे। क्योंकि जहां तक मनुष्य के मन का मक्खन पूरा नहीं होता तब तक वह भगवान से प्रीति नहीं लगा सकता है। इसलिए मनुष्य को पहले अपने मन की विकारों को दूर करना होगा। तब जाकर ही प्रभु की प्राप्ति हो सकती है। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया।

14 अप्रैल को सेन महाराज जयंती,

सीहोर।संत शिरोमणि सेन महाराज का जयंती समारोह इस वर्ष 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन कक्का के निवास पर बैठक आयोजित हुई, जिसमें समाज के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जयंती के बाद निशुल्क सामूहिक विवाह एवं सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक परिवारों के लिए पंजीयन की व्यवस्था रहेगी। समाज द्वारा वर-वधू पक्ष के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

आष्टा-कन्नौद हाइवे पर ट्रॉले से जाम, 8 ' जवानों में पांच की सलकनपुर में ड्यूटी

डीआर संवाददाता-आष्टा

नगर का सबसे व्यस्त मार्ग कन्नौद रोड है। यहां दर्जनों शासकीय, अशासकीय स्कूल हैं। कॉलेज हैं। बैंक हैं। निजी कार्यालय हैं। कृषि उपज मंडी भी है। मंडी में सीजन शुरू हो गया है। इसके बाद भी दुकानों पर ट्राले, ट्रक दोपहर में भी माल खाली कर रहे हैं। मंगलवार को एक ट्राले की वजह से लंबा जाम लग गया।

दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। कन्नौद रोड पर कई दुकानदारों - की सामग्री सड़क पर रखी रहती दुकानों के बोर्ड भी बाहर लगे हैं। हैं। ग्राहक वाहन आती

सड़क पर खड़े - करते हैं। सामान खरीदकर वहीं - वाहनों में रखते हैं। दोनों तरफ ग्राहकों के वाहन खड़े रहते हैं। - सामग्री भी रखी रहती हैं। ऐसे में करीब 100 फीट चौड़ा रोड 10 फीट का रह जाता है। दुकानों के साथ निजी कार्यालयों में आने वाले ग्राहक, कर्मचारियों के वाहन भी सड़क पर रहते हैं। बार यातायात पुलिस को आकर व्यवस्था संभालनी पड़ती है। पहले भी ट्रक चालक की लापरवाही से कई लोगों की मौत हो चुकी है। कुछ दिन पहले पूर्व पार्षद को ट्रक चालक ने टक्कर मारी थी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। यातायात मौकी प्रभारी शशिकांत

रोजगार मेला आयोजित, 198 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

डीआर संवाददाता-सीहोर

शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर के डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 314 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा 11 कंपनियों द्वारा कुल 198 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा 02 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत पैकिंग बॉक्स के लिए हितग्राही मोहसिन का 66 लाख रुपये का लोन स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार वस्त्रोद्योग एवं देवरी विभाग द्वारा हितग्राही श्रीमती आसना बी तथा हितग्राही श्री राजकुमार के 60 हजार रुपये से अधिक के लोन प्रकरण स्वीकृत किए गए। रोजगार मेले के मुख्यातिथि अवसर पर एलडीएम श्री जगदीश महापात्रा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, विवेक यादव सहित अन्य अधिकारी एवं युवा उपस्थित थे।

समिति बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

जिले में अचल संपत्तियों की बाजार दरों के पुनरीक्षण पर चर्चा, 1008 लोकेशनों में वृद्धि के प्रस्ताव

डीआर संवाददाता-सीहोर

वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य (गाइडलाइन दर) निर्धारण के संबंध में कलेक्टर श्री बालागुरु के. की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अंतर्गत जिले में भूमि एवं संपत्तियों की वर्तमान बाजार स्थिति की समीक्षा करते हुए विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की दरों में संशोधन के प्रस्तावों पर

विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा निर्धारित लागत दरों का निर्धारण किया जाता है, जो पूरे प्रदेश में प्रभावी रहती है। विगत वर्षों में कई स्थानों पर बाजार मूल्य दरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई थी, जबकि अनेक स्थानों पर अधिक मूल्य पर दस्तावेज पंजीयन, नई कॉलोनियों का विकास तथा आसपास की कॉलोनियों की तुलना में दरों में अंतर जैसे कारण सामने आए हैं। इन्हीं आधारों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2026-27 की गाइडलाइन दरों में संशोधन के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। यह प्रस्ताव जिला पंजीयक एवं सबंधित उप पंजीयक कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इन प्रस्तावित दरों के संबंध में आमजन अपने सुझाव 03 दिवसों में कार्यालयीन समय में जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति जिला सीहोर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार सीहोर, आष्टा, कुमनी, इछावर और दोराहा क्षेत्रों में विभिन्न नगरीय तथा ग्रामीण लोकेशनों की दरों में वृद्धि का सुझाव दिया गया है। सीहोर उप जिला समिति द्वारा विभिन्न 30 नगरीय लोकेशनों में लगभग 10 से 20 प्रतिशत तथा 428 ग्रामीण लोकेशनों में भी 10 से 20 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार आष्टा क्षेत्र में नगरीय 86 लोकेशनों में 20 से 70 प्रतिशत तथा ग्रामीण 94 लोकेशनों में औसतन 40 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव है। कुमनी क्षेत्र में कई नगरीय लोकेशनों में लगभग 40 से 50 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 35 प्रतिशत तक वृद्धि के सुझाव दिए गए हैं।

आवासीय मैदान पर दो दिवसीय मैच में आर एस आई रेड

डीआर संवाददाता-सीहोर

शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय मैदान पर आयोजित दो दिवसीय मैच में आर एस आई रेड ने ब्लू को 21 रन के अंतर से हराया। इस मैच में रेड की ओर से हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले लोकेन्द्र को मैन आफ द मैच कोच अक्षय दुबाने और अजय पंडोल ने दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दो दिवसीय मैच में पहली इनिंग में आर एस आई ने 109 रन बना विकेट पर बनाए थे। इसमें लोकेन्द्र ने 36 रन और रोहित ने 17 रन की पारी खेली। इधर ब्लू की टीम 88 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में आर एस आई ब्लू की ओर से कुणाल ने 44 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। पहली पारी के रनों की बढ़त के आधार पर आरएसआई रेड ने जीत दर्ज की। इसमें लोकेन्द्र ने छह विकेट और 45 रन बनाए थे।

आर एस आई क्रिकेट क्लब के कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि आने वाली 25 तारीख से मैदान पर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ब्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ चैत्र कृष्ण पक्ष-अमावस्या,2082 विदिशा, दिन ,बुधवार ,दिनांक18 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

अप्रैल में 3 स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे

विदिशा। स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अप्रैल माह में 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 अप्रैल से 31 दिवसीय ब्यूटीस टेलर प्रशिक्षण, 5 अप्रैल से 14 दिवसीय जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण तथा 10 से 30 अप्रैल तक आचार, पापड़ व मसाला निर्माण प्रशिक्षण संचालित होगा। जिला प्रबंधक एकनी महाली ने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को तकनीकी, पैकेजिंग और विपणन की जानकारी दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

मंडी में बैठक, किसानों को दी अहम जानकारी

विदिशा। कृषि उपज मंडी समिति में एग्रीबीएन लिमिटेड शर्मा की अध्यक्षता में व्यापारियों, किसानों, हम्माल और तुलावट संघ प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में सरसों फसल हेतु संचालित भावांतर भुगतान योजना के नियमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक तथा बोनाफाई 25 मार्च से 30 मई तक होगी। 1 से 22 मार्च के बीच विक्रय करने पर सर्वाधिक मात्रा मानदंड से घटाई जाएगी। योजना के तहत भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होगा, नगद भुगतान पर किसान अपात्र होंगे। पात्र किसानों को 15 दिवस में दीबीटी के जरिए राशि मिलेगी। सभी सोयाबीन मंडी तौरमंडियों पर भी चर्चा हुई। 19, 20 मार्च को भी मंडी में नीलामी जारी रखने का निर्णय लिया।

चंदेरी में कला का उत्सव गोविंद को बेंद्रे पुरस्कार

शमशाबाद। चंदेरी में आयोजित तीन दिवसीय बैकुंठ बाबरा संगीत समारोह कला और संस्कृति का केन्द्र स्थल बना। समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की मौजूदगी में प्रदेश के कलाकारों को सम्मानित किया गया। राज्य कलाकार कला पुरस्कार एवं प्रदर्शनी-2026 में शमशाबाद के युवा कलाकार गोविंद विश्वकर्मा को उनकी कृति स्मृतिपुंज-12 के लिए नारायण श्रीधर बेंद्रे पुरस्कार मिला। उन्हें 51 हजार, शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जल गंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभागों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को जनआंदोलन बनाते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

सैटेलाइट इमेजरी सर्वे के जरिए कार्रवाई की,पराली जलाने के एक साल बाद जुर्माने का नोटिस

सैटेलाइट सर्वे में खोत काले दिखे, 500 किसानों को 2510 रुपए जुर्माने का नोटिस

डीआर संवाददाता ■ विदिशा,नटेरन

पराली जलाने के एक साल बाद जुर्माने का नोटिस दिए जाने से किसानों में असंतोष है। प्रशासन ने 2025 की घटनाओं के आधार पर सैटेलाइट इमेजरी सर्वे के जरिए कार्रवाई की। 500 से अधिक किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें नटेरन तहसील के 88 किसान शामिल हैं।

किसानों का आरोप है कि बिना किसी जमीनी जांच, पंचनामा या प्रत्यक्ष साक्ष्य के केवल सैटेलाइट तस्वीरों में खेत चलाते दिखने के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने प्रत्येक किसान पर 2510 रुपए का जुर्माना लगाया है। नोटिसबाजी की प्रति पैने के गांव पर 20 फरवरी अंकित है। जोड़कर कुल 2510 रुपए लगाए जा रहे हैं। इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर भी किसानों में नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले ही बिना ठोस प्रमाण के जुर्माना लगाया जा रहा है।

ऊपर से आदेश देने का शुल्क जोड़ना अनुचित है।

आठा दर्जन किसान नोटिस लेकर नटेरन तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से जवाब मांगा। किसानों का कहना है कि उन्हें यह तक नहीं बताया गया कि उनके खेत में आग किस आधार पर लगी मानी गई। कई किसानों ने बताया कि फसल कटाई के बाद वे खेत पर गए ही नहीं। फिर भी उनके नाम नोटिस जारी कर दिए गए। किसान बोले, आग दूसरे के खेत में लगी। मवाई तुम्हारे खेत में सुलग आई। फिर नोटिस क्यों दिया।

किसान बोले- आग दूसरे के खेत में लगी, मवाई हमारे खेत में सुलग आई तो नोटिस क्यों दिया

बिना जांच कैसे दोषी ठहराया जा सकता है

सरखेड़ा गांव के किसान तरवर सिंह ने प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह अंदेशा नागरी सीमा राजा जैसी हालात है। बिना किसी ठोस आधार के एक साल पुराने मामलों में हमें परेशान किया जा रहा है। हमें किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आठी गुरोद ग्राम के किसान निरंजन सिंह का कहना है कि खेत में आग शॉर्ट सर्किट से भी लग सकती है। ग्राम दूसरे खेत से भी लग सकती है। इसकी जांच किए बिना ही दोषी ठहरा दिया गया। तिलक खेड़ा के किसान देव रघुवंशी ने बताया कि उनका खेत नरवरेड़ा घाट क्षेत्र में है। कटाई के बाद वे खेत पर गए भी नहीं। फिर भी उनके नाम नोटिस लगा दिया गया। नटेरन के किसान महेंद्र रघुवंशी ने जब अधिकारियों से सबूत मांगा तो उन्हें केवल सैटेलाइट डेटा का हवाला दिया गया। उनका सवाल है कि क्या सिर्फ तस्वीरों के आधार पर कर लगा दिया जा सकता है कि आग उनने ही लगाई? किसानों का आरोप है कि प्रशासन बिना किसी स्थानीय निरीक्षण या पंचनामे के एकतरफा कार्रवाई कर रहा है। उनका कहना है कि यदि सैटेलाइट इमेजरी में खेत काले दिखते हैं, तो उसकी पीछे कई कारण हो सकते हैं।

यह कैसी किसान हितैषी सरकार

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार एक ओर उनकी आय दोगुनी करने की बात करती है। दूसरी ओर इस तरह की कार्रवाई कर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने इसे मानवीय संवेदनहीन करार दिया। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि बिना जांच के नोटिस वापस नहीं लिए गए और पारदर्शी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

हमने लोगों के सहयोग से आग बुझाई, फिर भी मिला नोटिस

पूरणे वाले के हमारे गांव के खेतों तक आग आई। हमने अपने ट्रैक्टर, कल्टीवेटर और लोगों के सहयोग से आग बुझाने में मदद की। पहले ही सहयोग करने में खर्च हो गया। अब नोटिस देकर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे हमने सहयोग करके कोई अपराध कर दिया है।

—वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी, सरपंच ग्राम पंचायत गुरोद

कलेक्टर के आदेश मिले हैं

कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1270, पृ.-अतिरिक्त सरकार से जिले निर्देशानुसार किसानों को नोटिस जारी किए हैं। वे नोटिस मिलते ही से हैं। कलेक्टर के आदेश पर तामील कराए जा रहे हैं। हमने इन्हें बदलाव नहीं कर सकते।

—आनंद जैन, तहसीलदार नटेरन

उत्तर-पश्चिम से मार्किंग शुरू कर दक्षिण-पूर्व में करते हैं

जनगणनारू वार्ड में घरों की नंबरिंग करने

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

जनगणना 2027 की तैयारी शुरू हो गई है। मकानों की नंबरिंग के लिए मार्किंग का काम चल रहा है। शहरी इलाकों में नया के कर्मचारी और ग्रामीण इलाकों में राजस्व विभाग के पटवारी मकानों की नंबरिंग के लिए चार्ट बना रहे हैं।

मकानों की नंबरिंग के लिए शहरी क्षेत्र में किसी वार्ड की उत्तर-पश्चिम सीमा से मार्किंग की शुरुआत की जाती है। इसके बाद सर्पाकार चलते हुए उत्तर-पूर्व, पश्चिम-पूर्व, फिर दक्षिण-पश्चिम और सबसे आखिर में दक्षिण-पूर्व दिशा में पहुंचकर मकानों की गिनिंग और नंबरिंग की जाती है। किसी भी वार्ड में दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर बने मकान को ही उस वार्ड का अंतिम बिंदु माना जाता है। टीम के सदस्य मकानों की नंबरिंग के बाद परिवारों की संख्या, मकानों की संख्या, यहां की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर नया ब्लाक बनाते हैं।

800 की आबादी में बनाया जाता है एक ब्लाक: करीब 800 की आबादी पर एक ब्लाक बनाया जाता है। कुछ अधिक आबादी होने पर दूसरा ब्लाक बनाया जाता है। उसी आधार पर टीम के लोग मकान पर एक नंबर लिखते हैं। हर वार्ड में ऐसे अलग-अलग नंबर हो सकते हैं। 1 से 31 मई तक और रिकॉर्ड पोर्टल में पूरा रिकॉर्ड अपलोड किया जाएगा। इसी दौरान मकानों की

इस तरह वार्ड का नक्शा बनाकर की जा रही है मकानों की नंबरिंग।

डिजिटल लेआउट मैप एप से सीमांकन होगा पूरा: कलेक्ट

इस संबंध में जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी और सहायक जनगणना अधिकारी शिवाराम रैकवार के मुताबिक जनगणना 2027 में डिजिटल लेआउट मैप एप, यानी टीएलएम के माध्यम से प्रत्येक गणना ब्लाक की निर्धारित सीमा को जीपीएस की सहायता से सीमांकित किया जाएगा। इसके साथ मकानों और लोगों की गिनती का काम किया जाएगा। इसके अलावा जनगणना के दौरान सर्वेक्षण टाइम नोटिफिकेशन माध्यम से पूरे किए जाएंगे।

जनसुनवाई में नवाचार - विद्यार्थियों की पहल से आवेदन लेखन हुआ आसान,

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में किए जा रहे नवाचारों के चलते आमजन को अब त्वरित और प्रभावी लाभ मिल रहा है। प्रशासन द्वारा जनसुनवाई को अधिक सुलभ एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से नई पहल की गई है, जिसके अंतर्गत आवेदकों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लिखवाने में सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए उनसे आवेदन लेखन का कार्य कराया गया। इस पहल के तहत नेशनल कॉलेज के छात्र अरविंद अहिरवार एवं पांचे द्वारा कुल 15 आवेदकों के आवेदन लिखे गए। इस व्यवस्था से उन लोगों को विशेष राहत मिली, जिन्हें आवेदन लिखने में कठिनाई होती है। इसके साथ ही पूर्व की भांति जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जनसेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। निर्धारित समयावधि में आधार कार्ड निर्माण, डाउनलोड कार्ड बनवाने तथा स्वास्थ्य समस्या संबंधी सुविधाओं का लाभ भी प्रावेदकों को मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गुप्ता के इस नवाचार से जनसुनवाई कार्यक्रम अधिक प्रभावी, सुगम एवं जनोन्मुखी बनता जा रहा है, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो रहा है।

पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भंडारण उपलब्ध ,पेट्रोलियम एसोसिएशन

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा जिले में पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से जारी है। जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री पंकज एलिया सहित अन्य सदस्यों श्री अनिल सोनकर, श्री सचिन राजकार ने कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता से सौजन्य मुलाकात कर जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर किए गए प्रशासनिक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

मुलाकात के दौरान श्री पंकज एलिया ने बताया कि विदिशा जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और आम नागरिकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है, जिससे ईंधन की उपलब्धता पूरी तरह सुनिश्चित है।

उन्होंने जिले के नागरिकों से आग्रह किया कि वे बिना आवश्यकता के पेट्रोल-डीजल का भंडारण करने से बचें तथा सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें। जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन ने कहा कि जिला प्रशासन के समन्वय और व्यवसायों के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुचारु बनी हुई है।

नवोदय विद्यालय (कक्षा 6वीं) रिजल्ट घोषित शमशाबाद का परिणाम जारी,

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद

विदिशा (मध्य प्रदेश) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश का सपना देख रहे छात्रों का इंतजार खत्म हो गया है। सत्र 2026-27 के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (कक्षा 6वीं) का परिणाम आज, 17 मार्च 2026 को आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया गया है।

प्राचार्य ने दी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड हुआ रिजल्ट

पीएम श्री नवोदय जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद (जिला विदिशा) के प्राचार्य

नितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित इस चयन परीक्षा के परिणाम अब जारी हैं। परीक्षा परिणाम नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट दमक्क्क्क्क्क्क्क पर अपलोड कर दिए गए हैं।

विद्यालय के सूचना पटल [illegible] पर भी उपलब्ध है सूची

शहर शमशाबाद के परीक्षा प्रभारी श्री [illegible] चंद्रप्रकाश ने बताया कि जो छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वे न केवल ऑनलाइन अपना रिजल्ट देख सकते हैं, बल्कि विद्यालय पहुंचकर वहाँ के सूचना पटल (प्रदर्शन स्थल) पर भी सूचीबद्ध छात्रों की सूची चेक कर सकते हैं।

सूचीबद्ध छात्रों के लिए अगला कदम जिन परीक्षार्थियों का चयन इस सूची में हुआ है, उन्हें अब आगे की प्रवेश प्रक्रिया (कक्षा 6वीं प्रवेश) के लिए विद्यालय कार्यालय से संपर्क करना होगा। प्राचार्य ने कहा है कि सफल छात्र आवश्यक दस्तावेजों और अग्रिम कार्यवाही के लिए जल्द से जल्द विद्यालय कार्यालय में रिपोर्ट करें। रिजल्ट कैसे चेक क र ? ¼Step&by&Step Guide½

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट डमक्क्क्क्क्क्क्क पर जाएं। होमपेज पर "[illegible] Class 6 Result 2026" के [illegible] पर क्लिक करें।

165 आवेदनों में से 95 का हुआ निराकरण, शेष लंबित

डीआर संवाददाता ■ लटेरी

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 165 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी लंबित एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 95 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय रहते कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश जनसेवा

विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विभागों में लंबित आवेदनों पर क्या-क्या कार्यवाही संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों द्वारा की गई है कि अवगत स्थिति से अवगत हुए है। जनसुनवाई में प्रस्तुत किए गए इन सभी आवेदनों की प्रति उपस्थित समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार आमोर, एसडीएम प्रितिज शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक जिले में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई है

कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा कर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा आज जिले में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अनावश्यक रूप से लंबित रखे गए आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए सीघ्र निराकरण किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने-अपने विभागों की समीक्षा करें तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। साथ ही, आवेदनों के निराकरण में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जनसुनवाई, पीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित कर आम नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं।

कलेक्ट्रेट के बैठक सभागार कक्ष में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता की द्वारा जिले में क्रियान्वित विभिन्न अभियानों की अद्यतन प्रगति का भी जायजा लिया गया है। उन्होंने डीएमकाल की ध्यानगत रखते हुए पेयजल आपूर्ति पर विशेष बल देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से जवाबदेही सौंपते हुए निर्देशित किया है कि पेयजल संबंधी समस्याओं का निदान एक दिन में ही कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सम्पादित किए जाने वाले कार्यों पर भी विशेष ध्यान देकर जल संचय और पूर्व जल राशियों को पुर्नजीवित बनाए रखने के लिए तमाम प्रयास सुनिश्चित कराए जाएं। बैठक में खाद्य विभाग, उद्यानिकी, कृषि, श्रम, सहकारिता, शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, ग्रामीण विकास, निकायों के साथ-साथ अन्य विभागों के माध्यम से क्रियान्वित अभियानों और हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित लक्ष्यों की पूर्ति की जानकारियां प्राप्त की गई है उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया समेत संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम वर्धा में 'जल महोत्सव' का भव्य आयोजन, जल संरक्षण का दिया

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

कलेक्टर के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जल निगम (पीएमईयू भोपाल) द्वारा विकासखंड नटेरन के ग्राम वर्धा में "जल महोत्सव" का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक श्री सूर्य प्रकाश मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा समूह जल प्रदाय योजनाओं के सफल संचालन में स्थानीय सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।

विधायक श्री मीणा ने "गंगढ़ हिमोतिया नाली समूह जल प्रदाय योजना" में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल समिति सदस्यों एवं वाल्व ऑपरेटरों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की सफलता के लिए जल समितियों की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे हर घर तक स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जल संरक्षण का संदेश देते हुए प्रतीकात्मक रूप से कलश के माध्यम से जल अर्पण कर प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल संचयन की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को जल बचाने और भविष्य के लिए जल संचय करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

सर्वेक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री ओमप्रकाश सनोडिया, एसडीएम शमशाबाद अजय प्रताप, ग्राम वर्धा के सरपंच श्री प्रहलाद सिंह कुशवाह, जल निगम के महाप्रबंधक लवेश राठौर सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | चैत्र कृष्ण पक्ष-अमावस्या, 2082 | राजगढ़, दिन बुधवार ,दिनांक 18 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

मेटेनेंस आज, साढ़े चार घंटे छ रहेगी बिजली सप्लाई

राजगढ़। बिजली कंपनी द्वारा बुधवार को शहर में डायमंड पॉवर पर मेटेनेंस कार्य किया जाएगा। बिजली कंपनी के टाउन प्रभारी जेई शशांक त्रिवेदी ने बताया कि मेटेनेंस कार्य के दौरान सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी, जिससे शहर की एक दर्जन से अधिक कॉलोनियां प्रभावित होंगी। मेटेनेंस कार्य के दौरान राधाना नगर, दीनदयाल कॉलोनी, फतेही कॉलोनी, विश्वास, भागवती कॉलोनी, भवर कॉलोनी, राजाबाग, विंध शांति, मटका कॉलोनी, तिलक कॉलोनी, बायपास क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी फरार

राजगढ़। जिले में एक महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान आरोपी ने महिला के विरोध करने पर मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार घटना रात के समय की है, जब वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और पति, बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

मोबाइल रिपेयर विवाद में मारपीट, दुकान में तोड़फोड़

राजगढ़। नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित जावरा मार्ग पर मोबाइल रिपेयर को लेकर विवाद हो गया। युवक व उसके परिजन के साथ मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ की गई। पीड़ित हर्ष माली ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। हर्ष के अनुसार उसने चार दिन पहले एक युवक का मोबाइल डिस्प्ले रिपेयर किया था। रविवार शाम आरोपी अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजन से भी हाथापाई की गई। आरोप है कि पत्थर मारकर दुकान का शटर भी तोड़ दिया। पीड़ित ने घटना के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपे हैं। थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

31 को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव, नगर में निकलेगा शोभायात्रा, तैयारी को लेकर बैठक

राजगढ़। आगामी 31 मार्च को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव एवं मंदिर की प्रतिष्ठा वर्धन्ती को लेकर सकल जैन श्रीसंघ ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी को लेकर सोमवार रात स्थानीय श्री महावीर स्वामी जैन मंदिर में बैठक आयोजित कर आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। निर्णय लिया कि महोत्सव को आकर्षक रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण से होगी। इसके बाद सत्तरभेदी महापूजन एवं अंतिम पूजा ध्वजा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान का वरघोड़ा निकाला जाएगा। जिसमें श्रद्धालु रथ सजाकर हुए नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा में पुरुष श्वेत वस्त्र और महिलाएं केसरिया वेशभूषा में शामिल होंगी। वहीं महिला मंडल की सदस्य कलश धारण कर अगुवाई करेंगी। महोत्सव के तहत औषधालय धर्मशाला में स्वामीवात्सल्य (भोज) का आयोजन भी किया जाएगा।

घटना | स्थानीय विजयाराजे सिंधिया चौराहे की घटना, पुलिस मामले की जांच में जुटी

दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश बाइक सवार से लूटकर ले गए रुपयों से भरा बैग

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़नगर

स्थानीय विजयाराजे सिंधिया चौराहे के समीप 3 अज्ञात बदमाश एक बाईक से आए और बैंक से सरए निकालकर बैग में रखने वाले रणवीर सिंह पुत्र भगवान सिंह रघुवंशी निवासी पुना का बैग छीन ले गए। लूट की यह घटना शहर में दिन दहाड़े हुई है इस घटना के बाद पुलिस मार्ग पर आने जाने वाहनों से पूछ ताछ कर रही है तथा यह भी तलाशा जा रहा है कि यह आरोपी किस ओर भागे हैं। जिसके लिए शहर के चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

इस घटना के बारे में रणवीर सिंह का कहना है कि उनके द्वारा एटीएम से कुछ रुपए निकाले गए थे। उसके कुछ दूरी पर एक बाईक से 3 युवक आए उसका बैग छीनकर ले गए।

जिला अस्पताल आडोकनगर में उनका इलाज की सुरक्षा के बाद भी आरोपी सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था देकर भाग जाते हैं। यह आरोपी मोटर सिंह और उसके साथ आए परिजनों के साथ घटना कर भाग जाते हैं। इसी तरह की एक शिकायत कोतवाली पुलिस में की गई थी, जिसके बाद कोतवाली के टीआई रविशंकर सिंह चौहान द्वारा अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसके बाद पर्दा बनवाने वाली भीड़ में एक युवक बाजार में खड़े लोगों मुंह छुपाते हुए देखा गया उसका एक साथी भी मौजूद था, जिसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर इनकी तलाश की गई जो आडोकनगर की शंकर कॉलोनी के रहने वाले है, जिसमें एक का नाम गोलू अहिरवार और दूसरे का नाम आदिक अहिरवार है यह अपराधिक प्रवृति के है, इनका रिकार्ड खंगाला जा रहा है। बताया गया है कि मंगलवार को ही एक शिकायत कर्ता ने शिकायत की थी कि उसके रुपार व सामान चोरी कर लिया गया है। इस शिकायत को एसपी के संज्ञान में लाया गया जिसके बाद टीआई कोतवाली द्वारा इन आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

जब रणवीर सिंह ने उसका पीछा किया तो वह उसकी बाईक में टक्कर देकर भाग गए जिससे उनके हाथ में में चोट आई है।

यह बाईक सवार एक ही बाईक पर आए थे दो लोगों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और एक बाईक पर बिना कपड़े बांधे बैठा था। घटना के बाद एसडीओपी विवेक शर्मा और योगावासी से लेकर देहात थाने का स्टाफ मौके पर जांच पड़ताल करते हुए नजर आए। इस दौरान चौराहों पर लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी तक लूट की इस घटना के आरोपियों का पता नहीं चला है लेकिन पुलिस पूरे जिले में संदिग्ध लोग से आरोपियों की तलाश में जुटी है।

शहर में हड़कंप , ब्यावरा में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से मिली चिट्ठी

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

शहर में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब अडिशिन द्वार के पास कन्हैयालाल बीड़ी कंपनी के सामने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से लिखी एक संदिग्ध चिट्ठी मिली। चिट्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री यादव, कलेक्टर, एसपी, कीएसपी, तहसीलदार सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के लिए आपत्तिजनक शब्द लिखे गए हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। सुबह करीब 10 बजे जब बीड़ी कारखाना नंबर-2 के मैनेजर ईश्वरलाल मेहर ने दरवाजा खोला, तो गेट के पास तीन कागज फोल्ड हालत में रखे मिले। कागज खोलकर पढ़ने पर वे सन्न रह गए। तीनों पर्चियों में अलग-अलग नामों के साथ धमकी भरा कंटेंट लिखा था। एक पर्ची में बीड़ी कारखाना और पास ही दुकान संचालित करने वाले बंटी खंडेलवाल का नाम भी दर्ज था। सूचना मिलते ही सिटी थाना प्रभारी नितेश राजकुल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र का गुप्तचरण कर ओल्ड एबी रोड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। सुबह से ही पुलिस की टीम ओल्ड एबी रोड के सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है।

सीसीटीवी नहीं होने से जांच में चुनौतीः जिस जगह पर चिट्ठी मिली, वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। नगरपालिका कार्यालय से अडिशिन द्वार के बीच जो कैमरे लगे हैं, उनमें संदिग्ध दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में चिट्ठी रखने वाले की पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। पुलिस अब आसपास के अन्य मार्गों और दुकानों के कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। देर रात तक सिटी पुलिस की टीम अडिशिन द्वार के पास सीसीटीवी खंगालने में जुटी रही। चिट्ठी में नाम आने से किसान खरगोनी बंटी खंडेलवाल भी सहम गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, फिर भी उनका नाम इस तरह की चिट्ठी में आना चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि बीड़ी कारखाने के मैनेजर ने उन्हें चिट्ठी दिखाई थी, उसमें उनका भी नाम लिखने के बाद अपशब्द लिखे हैं।

आडोकनगर में सनसनी से मचाई थी चिट्ठी,आडोकनगर पुलिस ने 10 घंटे लगा दी चिट्ठी भेजने के मामले में दो मास्टमाइंड बनाते हुए जयपुर निवासी 29 वर्षीय मनीष नामिंद को गिरफ्तार किया है।

आवेदक को मिली 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. निर्मिल कुमार निंबा द्वारा आवेदक राजेन्द्र तंवर को रेक्वेस्ट से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदक राजेन्द्र तंवर ने बताया कि आवेदक के पुत्र के पैर में गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज पूर्व में प्रायवेट अस्पताल में किया गया।

आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह इलाज कराने में असमर्थ है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. निंब ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि आवेदक के पुत्र का समुचित उपचार एम्स भोपाल में करवाना सुनिश्चित करें।

फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष ने गठित की जंबोजेट कार्यकारिणी, दी हार्दिक बधाईयां

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

समाज के हित के लिए कार्य करने की लगी से अपेक्षा

फूलमाली पुष्पद समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने श्री राम मंदिर गुर्जरवाड़ी में आहूत बैठक के दौरान अपनी जिला कार्यकारिणी गठित की है। पोषावेट इस कार्यकारिणी में 06 सरक्षक, 30 सलाहकार, 10 जिला उपाध्यक्ष, 10 संगठन मंत्री, 01 जिला सचिव, 05 जिला सहसचिव, 05 जिला महामंत्री, 10 प्रचार मंत्री, 20 राजनैतिक सलाहकार, 10 विधि सलाहकार सहित 20 लोगों की कोर कमेटी में शामिल किया है।

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे तन, मन, धन से समाज के विकास और उन्नति हेतु कार्य करते रहेंगे। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समाज के लोगों की हर संभव मदद करने की अपेक्षा भी नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों से की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में रामकरण पुष्पद, हरलाल पुष्पद बीजावर सुमन गरौलीखुर्द, जगदीश पुष्पद राजगढ़, महेश पुष्पद राजगढ़, जन्मा शिवनखेड़ा, रामबाबू पुष्पद करेडी, शिव रामपुरिया, लीलाराम मालाकार जीरापुर, मनोज मालाकार खिलचीपुर, नीरज मालाकार, आनंद मालाकार, जगदीश पुष्पद भावल, रामेश्वरम खरगवान सारंगपुर, विष्णु पुष्पद तारगंज, महेश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद पचोर, सुशील पुष्पद पचोर, रामेश्वरम, राम, शिवनारायण पुष्पद, य, सहित अन्य शामिल हैं।

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी फरार

राजगढ़। जिले में एक महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान आरोपी ने महिला के विरोध करने पर मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार घटना रात के समय की है, जब वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और पति, बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

रेलवे ट्रैक पर युवती का शव तीन हिस्सों में मिला, नहीं

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

भावरा देहात थाना क्षेत्र में कचनारिया आईटीआई के पास रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की दर्दनाक मौत के मामले में 24 घंटे बाद भी उसका बाया पैर बरामद नहीं हो सका है। पुलिस ने ट्रैक पर करीब 5 किलोमीटर तक सर्चिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना सोमवार शाम करीब 7:30 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां युवती का शव तीन हिस्सों में बंटा मिला। हादसे में धड़ और गर्दन अलग-अलग दूरी पर पाए गए थे। मृतक की महचान पकोनिया गांव निवासी टीना (20) पुत्री हरिनारायण दांगी के रूप में हुई है। देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ ने बताया कि सूचना के बाद शव को रिसिव अस्पताल भिजवाया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजन घटना से गहरे सदमे में हैं और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती सोमवार शाम घर से खेत जाने की बात कहकर निकली थी और उसने रेलवे ट्रैक पर लेटकर जान दी। हादसे में शरीर के अंग अलग-अलग हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, लापता अंग की तलाश जारी है

साध्वी आर्यिका विशाश्री माता का हुआ सारंगपुर नगर में भव्य मंगल

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

दिगंबर जैन समाज के लिए अत्यंत पुण्य और आध्यात्मिक उल्लास से भरा अवसर आया। आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज की सल्लेखना व्रतिका गणिनी आर्यिका सत्य श्री आर्यिका साध्वी आर्यिका 105 विशाश्री माता का सारंगपुर में ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। संघ में आर्यिका माताजी सहित कुल 15 माताजी विद्यमान हैं। संघ शाजापुर मार्ग से होते हुए सारंगपुर नगर में पहुंचा।

माताजी के संघ की अगवानी पर बड़ी संख्या में समाज जन कालीसिंध नदी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एकत्रित हो गुरु एवं श्रद्धा भक्ति के साथ आर्यिका उनकी मंगल अगवानी की। इसके साथ ही समाजजनों ने शिलापूर्वक वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात संघ को नगर में प्रवेश कराया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आर्यिका माताजी को ससंघ बस स्टैंड स्थित एक परिसर में विराजित कराया गया। यहीं समाजजनों द्वारा पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक उनकी आहारचर्या सम्पन्न कराई गई। आहारचर्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे और सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

मंदिर में चोरी | शहर के प्रसिद्ध प्राचीन शिवालय खोयरी बैजनाथ मंदिर में एक बार फिर

महीने में दूसरी बार टूटी खोयरी मंदिर की दान पेटी, दोनों बार पकड़ाए नहीं

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

मुख्य द्वार तथा खुली मिली दानपेटी, पास पड़ी बी गेंती और सबल।

शहर के प्रसिद्ध प्राचीन शिवालय खोयरी बैजनाथ मंदिर में एक बार फिर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात नकाबपोश चोर ने मंदिर के नंदी हॉल में रखी मुख्य दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी चार कर दी।

खास बात यह है कि पिछले भी महीनों में यह दूसरी बार है जब इसी दान पेटी को निशाना बनाया गया, और दोनों ही बार पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बावजूद पुलिस अब तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे एक नकाबपोश युवक हाथ में गेंती (कुदाली) लेकर मंदिर परिसर में घुसा। वह सीधे नंदी हॉल पहुंचा और दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 4 से 5 हजार रुपए की राशि लेकर फरार हो गया। सुबह करीब 7 बजे मंदिर के पुजारी पं. उमेश शर्मा जब पूजा के लिए लिए पहुंचे पहुंचे तो तो दान दान पेटी टूटी मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बीच स्कॉड सहित अन्य साक्ष्यों से जांच शुरू की। हालांकि प्रारंभिक जांच में चोर का कोई सुराग नहीं मिल सका। मंदिर ट्रस्ट की ओर से मामले में थाने में आवेदन दिया गया है।

चार साल में चौथी वारदात, 3 बार तोड़ी दान पेटी

खोयरी मंदिर में बीते चार वर्षों में यह चौथी चोरी की घटना है। इनमें से तीन बार चोरों ने नंदी हॉल में रखी दान पेटी को ही निशाना बनाया। इससे पहले 7 जून 2025 को भी नकाबपोश चोर ने पत्थरों से ताला तोड़कर पहाड़ी चोरी कर लिया था, जिसकी तस्वीरें भी सीसीटीवी में कैद हुई थीं। वहीं 1 जनवरी 2023 को भी इसी दान पेटी को तोड़ा गया था, जबकि अगस्त 2022 में मंदिर परिसर के शिवान हॉल से 14 पंखे चोरी हो गए थे। इन घटनाओं में अब तक पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

मंदिर के नंदीहॉल में गेंती लेकर घुसा नकाबपोश चोर।

दो महीने से नहीं है चौकीदार मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। पुजारी उमेश शर्मा और ट्रस्ट प्रबंधन के अनुसार पिछले दो से तीन महीनों से मंदिर में रात के समय चौकीदार की व्यवस्था नहीं है। पहले यहां नगरपालिका द्वारा चौकीदार तैनात किया जाता था, लेकिन कर्मचारियों की छंटनी के बाद यह व्यवस्था समाप्त हो गई। वर्तमान में ट्रस्ट अपने स्तर पर व्यवस्था कर रहा है, लेकिन घटना वाली रात मंदिर में कोई चौकीदार मौजूद नहीं था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से श्रद्धालुओं में आक्रोश है और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठने लगी है।

महीने में दूसरी बार टूटी खोयरी मंदिर की दान पेटी, दोनों बार पकड़ाए नहीं

राजगढ़। शहर के प्रसिद्ध प्राचीन शिवालय खोयरी बैजनाथ मंदिर में एक बार फिर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात नकाबपोश चोर ने मंदिर के

जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इंकिता गहलोत, अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह दांगी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आयोजित जनसुनवाई में ग्राम किशनगढ़ निवासी दिलीप पुष्पद ने बताया कि आवेदक के घर के सामने नाली का पानी जमा होने से काफी परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम मालवाखेड़ निवासी मानसिंह वर्मा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिससे आवेदक स्वयं की भूमि पर खेती करने में असमर्थ हैं। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार जीरापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम अरण्या निवासी बालचंद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हो गई है। जिसकी प्रथम किश्त भी जमा हो चुकी है परन्तु दूसरी किश्त आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई। अपर कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।